नैक द्वारा 'बी' ग्रेड प्रत्यायित

# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## जंगल धूसड़- गोरखपुर

मो. : 7897475917, 9794299451

Website: www.mpm.edu.in

E-mail : mpmpg5@gmail.com

स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ..................

दिनांक : 14.09.2018

## प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर में आज सत्र 2018–19 हेतु शिक्षक संघ का चुनाव सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष पद पर डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी श्रीमती शिप्रा सिंह को 13 मतो से पराजित किया। उपाध्यक्ष पद पर डॉ. आरती सिंह, महामंत्री पद पर श्री संजय जायसवाल, संयुक्त मंत्री पद पर डॉ. प्रवीन्द्र कुमार शाही तथा कोषाध्यक्ष पद पर श्री मंजेश्वर र्निविरोध निर्वाचित हुए। साथ ही विज्ञान संकाय, कला संकाय, वाणिज्य संकाय तथा बी.एड. संकाय से क्रमशः डॉ. नवनीत सिंह, डॉ. यशवन्त राव, श्री नन्दन शर्मा तथा सुश्री श्वेता चौबे र्निविरोध कार्यकारणी सदस्य निर्वाचित हुए। इस अवसर पर **प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव** ने निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक संघ महाविद्यालय शैक्षिक संस्कृति को और अधिक मजबूत करने में अपना सक्रिय योगदान करेगा। नवनिर्वाचित **अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह** ने कहा कि शिक्षको की समस्याओं को उचित मंच पर प्रभावशाली ढंग से रखने का प्रयास शिक्षक संघ करेगा। महाविद्यालय में शैक्षिक वातावरण को निरन्तर बनाये रखने में शिक्षक संघ की भूमिका अहम होगी। इस अवसर पर **उपाध्यक्ष डॉ. आरती सिंह** ने कहा कि शिक्षक संघ महाविद्यालय में भाईचारा और स्वस्थ्य वातावरण निर्माण में सक्रिय सहयोग करता रहेगा। **महामंत्री श्री संजय जायसवाल** ने कहा कि स्ववित्तपोषित महाविद्यालय के विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भी महाविद्यालय को निरन्तर प्रगतिशील और क्रियाशील बनाये रखने में प्राचार्य और प्रबन्ध तंत्र के साथ बातचीत के माध्यम से और समंजस्य बनाया जायेगा। संयुक्त मंत्री डॉ. प्रवीन्द्र कुमार शाही तथा कोषाध्यक्ष श्री मंजेश्वर ने भी सभा को सम्बोधित किया। अन्त में **चुनाव अधिकारी डॉ. सुभाष कुमार गुप्ता** ने सभी पदाधिकारियों एवं शिक्षको के प्रति सकुशल चुनाव सम्पन्न कराने के लिए आभार ज्ञापित किया।

(डॉ. राजेश शुक्ला)

सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी